## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी भोपाल
## दोपहर समाचार

दिनांक : 20.07.2025 समय : 02.10pm

### मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र कल से 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। इस दौरान जन विश्वास ;संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है।

संसद के मानसून सत्र से पहले आज नई दिल्ली के संसदीय सौध में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक में सरकार ने संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ एल मुरुगन बैठक में उपस्थित हुए।

### मुख्यमंत्री–स्पेन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की दुबई और स्पेन की सात दिन की विदेश यात्रा कल संपन्न हो गई। मुख्यमंत्री की यह यात्रा मध्यप्रदेश वैश्विक संवाद–2025 के हिस्से के रूप में थी। यात्रा के अंतिम चरण में श्री यादव ने बार्सिलोना में उद्यमियों, निवेशकों और व्यापारियों से विचार–विमर्श किया। उन्होंने मर्कबारना जैसे वैश्विक कृषि मॉडल का भी अवलोकन किया और भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपनी यात्रा को लेकर कहा–

मुख्यमंत्री डॉ यादव आज मध्यप्रदेष वापस लौट रहे हैं। उनका पहले रीवा पहुंचने का कार्यक्रम है, इसके बाद षाम भोपाल आएंगे।

### ई रिक्षा–स्कूली बच्चे

राजधानी भोपाल में स्कूली बच्चों के लिए ई–रिक्शा पर बैठने से रोक लगा दी गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इन्हें बच्चों के लिए असुरक्षित माना है। इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर कौषलेंद्र विक्रम सिंह ने हमारे संवाददाता को बताया ......

### चंद्र दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस है। यह दिवस 20 जुलाई 1969 को चंद्रमा पर पहली बार किसी मनुष्य के कदम रखने की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष के चंद्र दिवस का विषय है–एक चंद्र दृष्टि, एक भविष्य।

यह दिवस चंद्रमा पर अनुसंधान में विश्व समुदाय की उपलब्धियों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों के शांतिपूर्ण उपयोग की ओर ध्यानाकर्षण करता है। इस अवसर पर ख़ासकर युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए कई आयोजन किए जाते हैं।

### आयुष्मान कॉर्ड

आयुष्मान योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान पूरे देश में 14 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में बालाघाट जिला 81 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। बैतूल जिला 78 प्रतिशत के साथ दूसरे और अनुपपुर जिला 77 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

महिला क्रिकेट

महिला क्रिकेट में लंदन के लॉड्र्स में कल इंग्लैंड ने दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारत को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला 1–1 से बराबर हो गई है। भारत ने वर्षा से बाधित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 ओवर में आठ विकेट पर 144 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने 42 रन बनाए जबकि दीप्ति शर्मा 30 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन ने तीन और एम अर्लट तथा लिंसे स्मिथ ने दो–दो विकेट लिए। इंग्लैंड ने जवाब में डकवर्थ लूइस नियम के आधार पर 115 रन का लक्ष्य केवल 21 ओवर में हासिल कर लिया। एमी जोन्स ने 46 और टैमी ब्यूमोंट ने 34 रन बनाए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिला प्रशासन द्वारा कल नगर में दशहरा मैदान पर रह रहे 130 से अधिक निराश्रित गोवंश को पशु प्रजनन क्षेत्र में रखवाया गया। गोवंशों की सुरक्षा और निगरानी के लिए पशुपालन विभाग द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।
- रायसेन जिले में पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत आज सागर–भोपाल तिराहे पर मानव श्रृंखला बनाई गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी, नर्सिंग छात्राएं और ताइक्वांडो खिलाड़ी सहित नगर के नागरिकों ने भाग लिया।
- आज अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस है। यह दिन 20 जुलाई 1924 को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- कटनी जिले में वनकर्मियों पर हमला होने का समाचार है। वन भूमि पर कब्जे की शिकायत पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

--------------